# यूरोप में सूखा

## प्रलिम्सि के लिये:

सूखा, ग्रीष्म लहरें, भूमि क्षरण, जलवायु परिवर्तन।

## मेन्स के लिये:

सूखा - प्रभाव, कारण और इससे निपटने के तरीके।

## चर्चा में क्यों?

यूरोप में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बाद **500 वर्षों में वर्ष 2022 सबसे खराब सूखा वर्ष हो सकता है।** बड़ी नदियाँ सूख रहीं हैं, जिससे उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

- **चीन और अमेरिका भी सूखे की स्थिति का सामना कर रहे हैं।**

## सूखा

- **परिचय:**
    - सूखे को आम तौर पर विस्तारित अवधि में वर्षा में कमी के रूप में माना जाता है, आमतौर पर एक मौसम या उससे अधिक जिसके परिणामस्वरूप **जल की कमी होती है जिससे वनस्पति, जानवरों और लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।**
- **कारण:**
    - **वर्षा में परिवर्तनशीलता**
    - **मानसूनी हवाओं के मार्ग में विचलन**
    - **मानसून की जल्दी वापसी**
    - **वनाग्नि**
    - **जलवायु परिवर्तन एवं भूमि क्षरण**
- **प्रकार:**
    - **मौसम संबंधी सूखा:**
        - यह सूखापन या वर्षा की कमी और शुष्क दीर्घावधि पर आधारित है।
    - **हाइड्रोलॉजिकल सूखा:**
        - यह जल आपूर्ति पर वर्षा की कमी के प्रभाव पर आधारित है जैसे कि धारा प्रवाह, जलाशय और झील का स्तर और भूजल स्तर में गिरावट।
    - **कृषि सूखा:**
        - यह वर्षा की कमी, मिट्टी में जल की कमी, निम्न भू-जल स्तर अथवा सिंचाई के लिये आवश्यक जलाशय के स्तर जैसे कारकों द्वारा कृषि पर प्रभाव को संदर्भित करता है।
    - **सामाजिक-आर्थिक सूखा:**
        - यह **फलों, सब्जियों, अनाज और माँस** जैसे कुछ आर्थिक सामग्री की आपूर्ति और मांग पर सूखे की स्थिति (मौसम विज्ञान, कृषि, या जल विज्ञान संबंधी सूखे) के प्रभाव पर विचार करता है।

## यूरोप में सूखे की स्थिति

- **वर्तमान परिदृश्य:**
    - यह सूखा 500 वर्षों में सबसे चरम सूखा है। **वर्ष 1540 में** यूरोप में **गर्मी इतनी शुष्क थी की एक साल के सूखे ने हज़ारों लोगों की जान**

**ले ली थी।**
    - हालाँकि इससे पहले वर्ष 2003, 2010 और 2018 जैसे यूरोपीय सूखे की तुलना भी वर्ष 1540 की घटना से की गई थी।
  - यूरोप की कुछ सबसे बड़ी नदियाँ - राइन, पो, लॉयर, डेन्यूब, जो आमतौर पर महत्त्वपूर्ण जलमार्ग हैं, मध्यम आकार के जहाज़ों के परिवहन में असमर्थ हैं।
  - यूरोपीय आयोग की एजेंसी **वैश्विक सूखा वेधशाला (GDO) की विश्लेषणात्मक रिपोर्ट के अनुसार, महाद्वीप का लगभग 64% भूभाग सूखे की स्थिति** का सामना कर रहा था।
    - **स्विट्ज़रलैंड और फ्राँस में लगभग 90% भौगोलिक क्षेत्र, जर्मनी में लगभग 83% और इटली में 75% के करीब क्षेत्र, कृषि सूखे का सामना कर रहा है।**
    - आने वाले महीनों में स्थिति में सुधार होने की संभावना नहीं है।
- **कारण:**
  - सूखे प्राकृतिक जलवायु प्रणाली का हिस्सा हैं और यूरोप में असामान्य नहीं हैं।**असाधारण शुष्क मौसम सामान्य मौसम प्रतिरूप से लंबे समय तक और महत्त्वपूर्ण विचलन का परिणाम रहा है।**
    - ग्रीष्म लहरों के कारण कई देशों में तापमान रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया है।
    - असामान्य रूप से उच्च तापमान के कारण सतही जल और **मिट्टी की नमी का वाष्पीकरण** बढ़ गया है।
  - चूँकि यह **वर्ष 2018 के सूखे की घटना के मात्र चार वर्ष** के अंतराल पर घटित हो रहा है इसलिये इस सूखे की गंभीरता और बढ़ गई है।
    - यूरोप के कई क्षेत्रों अभी पिछले सूखे (वर्ष 2018) से उबर भी नहीं पाए थे तथा वहाँ  मिट्टी की नमी भी सामान्य नहीं हो पाई थी।

## ग्रीष्म लहर:

- ग्रीष्म लहरें **असामान्य रूप से उच्च तापमान की अवधि है जो** आमतौर पर मार्च और जून के महीनों के बीच होती है और कुछ दुर्लभ मामलों में जुलाई तक भी विस्तारित होती हैं।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, जब किसी स्थान का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों  में कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30C° तक पहुँच जाता है, तो उसे ग्रीष्म लहर घोषित की कहा जाता है।

- **प्रभाव:**
  - **परिवहन:** यूरोप विद्युत संयंत्रों के लिये कोयले व अन्य सामग्री के वहनीय परिवहन हेतु इन नदियों पर निर्भर है। कुछ हिस्सों में जल स्तर एक मीटर से भी कम होने के कारण, **अधिकांश बड़े जहाज़ों के परिचालन में समस्याएँ** आ रहीं हैं।
  - **विद्युत उत्पादन:** इस घटना से यूरोप में विद्युत उत्पादन प्रभावित हुआ है, जिससे यहाँ विद्युत-आपूर्ति में कमी आ गई है तथा ऊर्जा की कीमतों में और वृद्धि हुई है जो रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पहले से ही अधिक थी।
    - पर्याप्त जल की कमी ने **परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के संचालन को प्रभावित** किया है, जो शीतलक के रूप में बड़ी मात्रा में जल का उपयोग करते हैं।
  - **खाद्य सुरक्षा:** कई देशों में **खाद्य पदार्थों की कीमतें तेज़ी से बढ़ी हैं** और कुछ क्षेत्रों में पीने के पानी के लिये संघर्ष की स्थिति देखी जा रही है इसी क्रम में कृषि भी बुरी तरह प्रभावित हुई है।

## अमेरिका और चीन में सूखे की स्थिति:

- **चीन में सूखा:**
  - चीन के भी कई हिस्से गंभीर सूखे की ओर बढ़ रहे हैं जिसे 60 वर्षों में सबसे खराब स्थिति बिताया जा रहा है।
  - देश की सबसे लंबी नदी यांग्त्ज़ी, जो लगभग एक तिहाई चीनी आबादी की जल आवश्यकता को पूरा करती है, के जल स्तर में रिकॉर्ड गिरावट देखी जा रही है।
  - देश की दो सबसे बड़ी मीठे जल की झीलें, पोयांग और डोंगटिंग वर्ष 1951 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुँच गई हैं।
  - जल की कमी यूरोप की तरह ही समस्याओं को जन्म दे रही है।
    - सूखे ने चीन में शरद ऋतु के अनाज उत्पादन हेतु एक "गंभीर खतरा" उत्पन्न किया है जिसमें देश के वार्षिक अनाज का लगभग 75% उत्पादित होता है।
    - कुछ क्षेत्रों में विद्युत की कमी ने कारखानों पर वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं पर दबाव डालना शुरू कर दिया है।
- **अमेरिका में सूखा:**
  - अमेरिकी सरकार के अनुसार, संयुक्त राज्य में भी 40% से अधिक क्षेत्र वर्तमान में सूखे की स्थिति में है, जिससे लगभग 130 मिलियन लोग प्रभावित हैं।

## भारत में सूखा घोषित होने की शर्तें:

- भारत में सूखे की **कोई एकल, कानूनी रूप से स्वीकृत परिभाषा** नहीं है। जब किसी क्षेत्र को सूखा प्रभावित घोषित करने की बात आती है तो**राज्य सरकार अंतिम प्राधिकरण होती है।**
- सूखे के प्रबंधन के संबंध में भारत सरकार ने **दो महत्त्वपूर्ण दस्तावेज़** प्रकाशित किये हैं।
  - पहला कदम **दो अनिवार्य संकेतकों - वर्षा विचलन और शुष्क अवधि को देखना है।**
    - मैनुअल विचलन की सीमा के आधार पर शुष्कता की विभिन्न स्थितियों को निर्दिष्ट करता है जिन्हें सूखा का संकेतक माना जा सकता है या नहीं।

- दूसरा कदम **चार महत्त्वपूर्ण संकेतकों - कृषि, रिमोट सेंसिंग पर आधारित वनस्पति सूचकांक, मिट्टी की नमी और हाइड्रोलॉजी** को देखना है।
    - राज्य सूखे के आकलन, आपदा की तीव्रता के आकलन के लिये **चार महत्त्वपूर्ण संकेतकों (प्रत्येक में से एक) के किन्हीं तीन प्रकारों** पर विचार कर सकते हैं और निर्णय ले सकते हैं।
    - यदि चुने गए सभी तीन संकेतक 'गंभीर' श्रेणी में हैं, तो यह **गंभीर सूखे** की श्रेणी में आता है; और अगर तीन चुने हुए संकेतकों में से दो 'मध्यम' वर्ग में हैं, तो यह **संतुलित सूखा** है।
- इन दो जाँचों के अतिरिक्त तीसरे चरण की शुरुआत होती है। उस घटना में, **"राज्य सूखे का अंतिम निर्धारण करने के लिये मिट्टी का सैंपल सर्वेक्षण करती है"।**
    - क्षेत्र सत्यापन अभ्यास (field verification exercise) का निष्कर्ष सूखे की तीव्रता को **'गंभीर' या 'संतुलित'** के रूप में आँकने का अंतिम आधार होगा।

एक बार सूखे का निर्धारण हो जाने के बाद, राज्य सरकार को **भौगोलिक सीमा को निर्दिष्ट करते हुए एक अधिसूचना जारी करनी होगी। अधिसूचना छह महीने के लिये वैध होगी जब तक कि पहले से अधिसूचित नहीं किया जाता है।**

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्षों के प्रश्न (PYQs)

**प्रिलिम्स:**

**प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2014)**

| **कार्यक्रम/परियोजना** | **मंत्रालय** |
|---|---|
| 1. सूखाग्रस्त क्षेत्र | कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय |
| 2. मरुस्थल विकास कार्यक्रम | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय |
| 3. वर्षा सिंचित क्षेत्रों के लिये राष्ट्रीय जलग्रहण परियोजना का विकास | ग्रामीण विकास मंत्रालय |

**उपरोक्त युग्मों में से कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) 1, 2 और 3
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (d)**

---

**मेन्स:**

**प्रश्न. मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया में जलवायु सीमाएँ नहीं होती हैं। उदाहरण सहित पुष्टि कीजिये। (2020)**

**प्रश्न. भारत के सूखाग्रस्त और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में सूक्ष्म जलसंभर विकास परियोजनाएँ किस प्रकार जल संरक्षण में मदद करती हैं? (2016)**

## स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/drought-in-europe